स्व. श्री आर. सी. जाल साहब की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न

स्व. आर. सी. जाल चैरिटी ट्रस्ट, महू द्वारा महू के प्रथम निर्वाचित विधायक, उद्योगपति, समाजसेवी एवं दानशील स्व. श्री आर.सी. जाल साहब की प्रतिमा टाउन हॉल के पास, गेरीसन ग्राउण्ड के सामने स्थापित की गयी है। प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम दिनांक 25 मार्च 2026, बुधवार को सायं 05:00 बजे प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विकास कुमार जी (मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद मह) एवं विशेष अतिथि श्री सुरेश जी खण्डेलवाल (महासचिव, भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ नईदिल्ली), अतिथि श्री योगेश जी यादव (पूर्व उपाध्यक्ष, छावनी परिषद मह) थे। अध्यक्षता श्री सत्यनारायण जी पटेल (अध्यक्ष, श्री किशनभाई पटेल शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट, महू) ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत स्व. आर. सी. जाल चैरिटी ट्रस्ट, महू के ट्रस्टी श्री दिनेश सेठ एवं सुश्री पूर्णिमा सेठ ने किया। तत्पश्चात् अतिथियों द्वारा आर.सी. जाल साहब की प्रतिमा का अनावरण किया गया एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

श्री योगेश यादव ने अपने उद्बोधन में जाल साहब को याद करते हुये कहा कि जाल साहब सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने बहुत सी संस्थाओं को सहयोग किया।

श्री विकास कुमार ने कहा कि मुझे जाल साहब के योगदान के बारे में जानकारी मिली. तब मुझे मालुम पड़ा कि वे कितने महान व्यक्ति थे। मैं लगभग दो वर्षों तक जाल साहब की प्रतिमा के सानिध्य में रहा हूँ।

श्री सुरेश खण्डेलवाल ने कहा कि मैंने जाल साहब के साथ कार्य किया है, वे काफी सरल व दानशील व्यक्ति थे। नर्मदा पाइप लाइन लाने हेतु किये गये आंदोलन में भी आपका सहयोग रहा।

श्री सत्यनारायण पटेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जाल साहब एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने कई अस्पतालों में उपकरण दान में दिये। महू एवं इन्दौर में कई सामाजिक संस्थाओं जैसे महू डिग्री कॉलेज व टाउन हॉल निर्माण कराया। आज भी उनके द्वारा बनाया गया ट्रस्ट कई संस्थाओं को वर्तमान में भी सहयोग कर रहा है।

गया। कार्यक्रम का संचालन श्री योगेश मूंदड़ा एवं आभार सुश्री पूर्णिमा सेठ द्वारा किया

इस अवसर पर राधेश्याम बियाणी, अब्दुल हमीद कुरैशी, रामलाल प्रजापति, हंसराज वर्मा, मनीष जायसवाल, विजय सोडानी, शक्तिसिंह गोयल, विष्णु मालवीय, कमल मूंदड़ा, डॉ. हातिम अली हैदरी, मृणाल पंत, पूनीत शर्मा, सतीश अग्रवाल, हरिशंकर कोलाय, मनीष अग्रवाल, सुनील कौशल, सिंथिया जेम्स मेडम, जूलियट ऑकार, डॉली सेठ, हेमलता पाटीदार, उमा आचार्य सहित महू के कई गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

सुरेश खण्डेलवाल कार्यक्रम संयोजक

श्री आर.सी.जाल
प्रथम निर्वाचित विधायक